गैरसैंण, सोमवार
5 जनवरी 2026
वर्षः 17
अंकः 227 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर सुबह साढ़े पांच बजे खुलेंगे आदिबदरी मंदिर के कपाट

चमोली। मकर संक्रंति 14 जनवरी को प्रातः साढ़े पांच बजे आदिबदरी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट उद्घाटन पर 14 से 20 जनवरी तक महाभिषेक समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। मंदिर समिति की बैठक में मुख्य पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट उद्घाटन के मुहूर्त की घोषणा की। रविवार को मंदिर परिसर में मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सप्ताहभर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में मंदिर के कपाट खुलने की घोषणा के बाद निर्णय लिया गया कि 14 जनवरी से गढ़वाल राइफल्स कीर्तन मंडप में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करेगी। साथ ही क्षेत्र की महिला मंगल दलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट को आमंत्रित किया गया है। मंदिर की प्रथम पूजा में विधायक अनिल नौटियाल भी शामिल होंगे। 15 जनवरी को महिला मंगल दलों और 16 जनवरी को शिक्षण संस्थाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बैठक में सांस्कृतिक समिति, स्वागत समिति, अनुष्ठानिक समिति, साज सज्जा, भोजन प्रसाद, शांति व्यवस्था समितियों का गठन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा ने बताया कि इस वर्ष भी पर्यटन विभाग सभी मंदिरों की सजावट कर मंदिरों को आकर्षक रूप देगा। बैठक में विजय चमोला को सर्वसम्मति से नया कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, महासचिव हिमेंद्र कुंवर, संरक्षक विनोद नेगी, गैंणा सिंह रावत, नवीन बहुगुणा, नरेश बरमोला, भुवन बरमोला और नंदा पंवार आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

रुद्रपुर। किच्छा रोड पर रविवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह सब्जी लेकर रुद्रपुर की मंडी जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, 40 वर्षीय तीरथ कुमार पुत्र छेदा लाल निवासी भदईपुरा वार्ड-14 सब्जी का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करते थे। रविवार शाम करीब चार बजे वह भदईपुरा से अपनी बाइक ठेली पर सातझ्आठ कुंतल आलू-प्याज लादकर नैनीताल रोड स्थित रुद्रपुर सब्जी मंडी की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही वह किच्छा रोड पर पुराने ट्रंचिंग ग्राउंड के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक ठेली को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक ठेली पलट गई और तीरथ कुमार उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ठेली में रखे आलू और प्याज सड़क पर बिखर गए। राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीरथ को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि दुर्घटना किस वाहन से और कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हजारों लोगों की निगाहें

ऋषिकेश। वनभूमि सर्वे के मामले में नगर निगम ऋषिकेश के 12 वार्डों में बसे हजारों लोगों की निगाहें सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। उन्हें आबादी क्षेत्र होने के चलते अदालत से राहत की उम्मीद है। मेयर की अध्यक्षता में गठित पार्षदों की समिति भी इस मामले में प्रभावित परिवारों को कार्रवाई से बचाने के लिए आगे आ चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में 22 दिसंबर को सुनवाई के बाद वन विभाग पर गंभीर टिप्पणी को लेकर शासन एक्शन में आया था। 23 दिसंबर को इस मामले में शासन ने मुख्य संरक्षक गढ़वाल की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की थी। 26 दिसंबर को समिति अध्यक्ष और सदस्यों ने करीब 100 वनकर्मियों की टीम के साथ ऋषिकेश के आबादी क्षेत्र में वनभूमि सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें शुरुआत में विरोध-प्रदर्शन और फिर हालात तनावपूर्ण होने के साथ ही पत्थरबाजी तक मामला पहुंच गया था। 28 दिसंबर को निपटे सर्वे के मामले में अब सोमवार को फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है, जिसमें प्रभावित परिवारों को कोर्ट की तरह से राहत की उम्मीद है।

## गंगनहर में गिरी कार, मेरठ के दो युवकों की मौत

रुड़की। गंगनहर पटरी की कांवड़ पटरी पर एक कार अनियंत्रित होकर मोहम्मदपुर झाल के समीप गंगनहर में गिर गई। जिससे कार सवार दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों युवक मेरठ के रहने वाले थे। जो रुड़की से मेरठ जा रहे थे। पुलिस ने दोनों युवकों के शव और कार को बाहर निकलवाया। जिस जगह हादसा हुआ है वहां तीव्र मोड था। हादसे का कारण तीव्र मोड और घना कोहरा माना जा रहा है। मंगलौर कोतवाली पुलिस को शनिवार रात करीब 11 बजे 112 के माध्यम से मोहम्मदपुर झाल के जेई अमित सैनी ने सूचना दी कि मोहम्मदपुर पावर हाउस के झाल के पास एक कार गंगनहर में गिरी हुई है। मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और झाल कर्मियों की टीम ने देखा कि ग्रे रंग की कार नहर में उल्टी अवस्था में आधी डूबी हुई थी। गोताखोरों ने गंगनहर के भीतर जाकर डूबी को देखा तो उसमें दो युवक मृत नजर आए। कार से दोनों युवकों के शवों को बाहर निकाला गया। दोनों मृतकों के शवों को



108 एंबुलेंस से रुड़की सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया। मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा (25 वर्ष) पुत्र राजकुमार शर्मा तथा पुनीत उर्फ आयुष (25वर्ष) पुत्र आशुतोष, निवासी गांव कुराली, थाना जानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि आयुष रुड़की में एक पीजी में रहता था। सौरभ शर्मा उसका था। वह दोनों रुड़की से मेरठ अपने गांव जा रहे थे। मृतकों के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शवों को अपने साथ ले गए हैं। **(एजेंसी)**

### पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, नेपाली नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली ,दिल्ली को 2027 तक नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत दक्षिण-पूर्व जिला दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक नेपाली नागरिक को 10.970 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक ड्रग सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देशों के अनुरूप और दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की सख्त निगरानी में की गई इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ा झटका माना जा रहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस नोट में बताया गया कि दिल्ली पुलिस दक्षिण-पूर्व जिला स्पेशल स्टाफ को 1 जनवरी को एएसआई अनिल के माध्यम से एक पुख्ता सूचना मिली थी कि थाना अमर कॉलोनी क्षेत्र में एक नशा तस्कर की लगातार आवाजाही हो रही है, जो उच्च गुणवत्ता की चरस की सप्लाई में शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में इंस्पेक्टर शुभम चौधरी, एसआई मुनेश, एसआई विनोद, एसआई राजवीर, एसआई राजेंद्र, एएसआई अनिल, हेड कांस्टेबल प्रेम, विवेक, दिनेश, प्रवेश, हेड कांस्टेबल संगीता और कांस्टेबल सतवीर, प्रदीप, चोटूराम व मोहित शामिल थे। पूरी टीम ने इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर (इंचार्ज, स्पेशल स्टाफ एसईडी) के नेतृत्व में और एसीपी/ऑपरेशंस हरि सिंह की कड़ी निगरानी में ऑपरेशन को अंजाम दिया। एजेंसी

## समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओं की दिसंबर माह की पेंशन किश्त की जारी

**9 लाख 43 हजार 964 लाभार्थियों के खातों में कुल 140 करोड़ 26 लाख 97 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन की गई जारी**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में डी.बी.टी. प्रणाली के माध्यम से दिसंबर माह की पेंशन किश्त का भुगतान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 09 लाख 43 हजार 964 लाभार्थियों के खातों में कुल 140 करोड़ 26 लाख 97 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं निराश्रितों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी प्रकार के भुगतान अब डी.बी.टी. प्रणाली से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किए जा रहे हैं, जिससे समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि



वृद्धावस्था पेंशन के लिए 60 साल की आयु होते ही राज्य के जो लोग पात्रता की श्रेणी में आ रहे हों, उनका 59 साल की आयु से ही चिन्हीकरण कर लिया जाय, ताकि पात्रता की श्रेणी में आने पर उन्हें शीघ्र पेंशन का भुगतान किया जा उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि समाज के प्रत्येक पात्र लाभार्थी को किसी भी प्रकार की कठिनाई के बिना योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए नियमित सत्यापन एवं निगरानी की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनहित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस असवर पर निदेशक समाज कल्याण डॉ. संदीप तिवारी, अपर सचिव प्रकाश चन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### लालकिला धमाके में खुलासाः 'घोस्ट सिम' के जरिए पाकिस्तानी आकाओं से कनेक्ट थे आतंकी

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट मामले की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि तथाकथित 'व्हाइट-कॉलर' आतंकी मॉड्यूल से जुड़े आरोपी, जिनमें उच्च शिक्षित डॉक्टर भी शामिल थे, पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों से संपर्क बनाए रखने के लिए 'घोस्ट सिम कार्ड' और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार डॉक्टरों-मुजम्मिल गनई, आदिल राथर सहित अन्य ने सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए एक सुनियोजित 'डुअल-फोन प्रोटोकॉल' अपनाया था। हर आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल फोन होते थे। **(एजेंसी)**

## परिवार के भीतर बातचीत से रुकेगा लव जिहाद, बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

नई दिल्ली ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि परिवार के भीतर मजबूत संवाद के जरिए लव जिहाद जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। उनका कहना था कि जब घर में खुलकर और नियमित बातचीत होती है, तो ऐसी समस्याएं अपने आप कम होने लगती हैं। भोपाल के शिवनेरी भवन में आयोजित 'स्त्री शक्ति संवादझ् कार्यक्रम में उन्होंने यह विचार रखे। मोहन भागवत ने कहा कि समाज को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि किसी परिवार की बेटी किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में कैसे आ जाती है। उनके अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच संवाद की कमी और आपसी दूरी इस तरह की स्थितियों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि जब घर में निरंतर बातचीत का माहौल होता है, तो धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। संघ प्रमुख ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तीन अहम



बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, परिवार के भीतर निरंतर और सकारात्मक संवाद। दूसरा, लड़कियों में सजगता, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना का विकास। तीसरा, इस तरह के अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक संगठनों और पूरे समाज को सजग रहकर सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराना होगा, तभी इसका स्थायी समाधान संभव है। महिलाओं की भूमिका पर बोलते हुए मोहन भागवत ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान महिलाओं की स्थिति से होती है। उनके अनुसार, भारतीय संस्कृति, धर्म और सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के योगदान से ही सुरक्षित और सुदृढ़ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वह दौर अब पीछे छूट चुका है जब महिलाओं को केवल सुरक्षा के नाम पर घर तक सीमित रखा जाता था। आज पुरुष और महिलाएं मिलकर परिवार और समाज को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए दोनों का जागरण जरूरी है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, अवसरों की समानता और वैचारिक चेतना को समय की मांग बताया। भागवत ने कहा कि यह प्रक्रिया पहले से चल रही है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन इसे और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। लिंग भेदभाव और उत्पीड़न के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जहां पश्चिमी समाज में विवाह के बाद महिला की पहचान तय होती थी, वहीं भारतीय परंपरा में मातृत्व के माध्यम से महिला को उच्च स्थान दिया गया है। उनके अनुसार, मातृत्व भारतीय मूल्यों का केंद्रीय तत्व है।

संघ प्रमुख ने आधुनिकता के नाम पर अंधे पश्चिमीकरण की प्रवृत्ति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बचपन से बच्चों को कौन से संस्कार और मूल्य दिए जा रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। **(एजेंसी)**

### सऊदी अरब में भीषण हादसे में चार की मौत, उमराह पूरी कर लौट रहा था परिवार

मलप्पुरम , केरल के मलप्पुरम जिले के मंजरी के एक परिवार के चार सदस्यों की सऊदी अरब के मदीना में एक दुखद सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान अब्दुल जलील (52), जो मंजेरी के वेल्लिला के रहने वाले थे; उनकी मां मैमुनाथ कक्केनगल (73); उनकी पत्नी थस्रा थोडेंगल (40) और उनके बेटे आदिल जलील (14) के रूप में हुई। सऊदी अरब से मिली शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, शनिवार शाम को टक्कर के कारण चारों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार इस्लामिक तीर्थयात्रा उमराह पूरी करने के बाद मक्का से जेद्दा जा रहा था। बताया जा रहा है कि मदीना के पास हाईवे पर उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। सऊदी अधिकारियों ने अभी तक हादसे की सही वजह की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। इस हादसे में अब्दुल जलील की तीन बेटियां, आयशा, हादिया और नूरा, भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। फिलहाल उनका इलाज सऊदी अरब के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि घायल लड़कियों पर कड़ी मेडिकल निगरानी रखी जा रही है, और उनकी हालत के बारे में और अपडेट का इंतजार है। अब्दुल जलील जेद्दा में काम करते थे और कई सालों से सऊदी अरब में रह रहे थे। उनके परिवार के सदस्य हाल ही में उमराह करने के मकसद से टूरिस्ट वीजा पर देश आए थे। मुसलमानों के लिए यह तीर्थयात्रा एक बहुत ही आध्यात्मिक यात्रा मानी जाती है। एजेंसी

## एक परिवार के तीन लोग लापता, ड्रोन से तलाश

### बड़े बेटे पर पिता-बहन और भांजी को अगवा करने का शक

प्रयागराज , मऊआइमा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन लोग रहस्यमय हालत में लापता हो गए हैं। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस गांव में सर्च ऑपरेशन चल रही है। ड्रोन से गांव और खेतों में फुटेज जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। घर के अंदर बिस्तर पर खून फैला होने से शक गहरा गया है। शनिवार को बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर फायरिंग कर दी थी। कंधे में गोली लगने से छोटा भाई जख्मी हो गया था। पुलिस उसे अस्पताल ले गई थी। इसी बीच जख्मी युवक के पिता, बहन और भांजी अचानक लापता हो गए। पिता के पास मोबाइल है जो शनिवार से ऑफ है। पुलिस ने ताला तोड़ घर की तलाशी ली। अब गांव वालों से पूछताछ की जा रही है। परिवार वालों का कहना कि फायरिंग करने वाला मुकेश पटेल तीनों को अगवा कर ले गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के लोकपुर बिसानी गांव निवासी राम सिंह के दो बेटे हैं। मुकेश पटेल (बड़ा) और मुकुंद लाल पटेल (छोटा) बेटा है। मुकेश पटेल शादीशुदा है और अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता है। मुकुंद लाल अपने पिता राम सिंह उम्र 55 वर्ष और बहन साधना देवी उम्र 21 वर्ष के साथ रहता है। उसके साथ 14 साल की भांजी आस्था भी रहती है। आस्था मुकुंद की बड़ी बहन किरण की बेटी है। शाम को बड़े भाई मुकेश पटेल ने छोटे भाई मुकुंद लाल पर फायरिंग कर दी थी। गोली मुकुंद लाल के कंधे में लगी। भाई पर फायरिंग कर मुकेश पटेल परिवार सहित फरार हो गया।

मुकुंद को अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद उसने अपने पिता के मोबाइल पर कॉल किया तो फोन बंद मिला। वह लगातार फोन लगाता रहा लेकिन बात नहीं हो सकी। अंत में उसके घर पुलिस गई तो ताला बंद मिला। परिवार को पुलिस के साथ मुकुंद लाल पहुंचा। **(एजेंसी)**

## लालू परिवार को गलतियों का दंड मिलेगा

### आईआरसीटीसी घोटाला मामले में सुनवाई से पहले बोले जदयू नेता

पटना ,राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आईआरसीटीसी घोटाला मामले में (आज) सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अहम सुनवाई है। इससे पहले जदयू के नेताओं ने मांग की है कि लालू परिवार के गुनहगार होने पर उनके भूखंडों को जब्त करके उनके ऊपर अनाथालय और गरीब बच्चों के लिए हॉस्टल बनाए जाने चाहिए। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि आईआरसीटीसी के मामले में लालू परिवार की पेशी होनी है। यह पेशी लालू परिवार के लिए खास है, जबकि बिहार के लिए खास यह है कि तेजस्वी यादव राजद कार्यकर्ताओं के बुलावे पर नहीं आ रहे हैं। न्याय पालिका के समन पर जेल जाने के डर से वह हाजिर होंगे। इसके बाद वह राजनीतिक हाजिरी लगाने बिहार आएंगे। नीरज कुमार



ने कहा कि सच यह है कि लालू प्रसाद यादव के परिवार ने महापाप किया। उन्होंने कहा, लालू यादव फिर न्यायपालिका में गुहार लगाएंगे कि हम बीमार हैं, हमें छोड़ दीजिए। लेकिन जब जनता की गाढ़ी कमाई और नौकरी के नाम पर जमीन लूट ली, तो आप राजनीतिक लुटेरे नहीं, बल्कि जमीन के लुटेरे रहे हैं। नीरज कुमार ने मांग करते हुए कहा कि न्यायपालिका इस मामले में सक्षम कार्रवाई सुनिश्चित करे। अगर अदालत को लगता है कि लालू परिवार गुनहगार है, तो कानूनी प्रक्रिया पूरी करके भूखंडों को जब्त किया जाए और उस पर अनाथालय, विधवा आश्रम, अति पिछड़ा छात्रावास और अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास बनाया जाए। वहीं, राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि यह एक न्यायिक प्रक्रिया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के बाद उनके पास अपील करने का कानूनी विकल्प है। उन्होंने आगे कहा, एजेंसियों के पास इस प्रकरण में पुख्ता सबूत हैं। वह कितने भी विकल्पों का इस्तेमाल करें, उन्होंने जो गलतियां की हैं, उसका दंड उन्हें मिलेगा।बता दें कि दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 13 अक्टूबर 2025 को आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय किए। इसके खिलाफ लालू परिवार ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट सोमवार को लालू परिवार की याचिका पर सुनवाई करेगा।**(एजेंसी)**

### आम्रपाली केस : ईडी ने सुरेका ग्रुप की कंपनी की 99.26 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की

लखनऊ, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम्रपाली ग्रुप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सुरेका ग्रुप की कंपनी मौर्या उद्योग लिमिटेड की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत करीब 99.26 करोड़ रुपए है, जिसमें कंपनी के ऑफिस, फैक्ट्री, जमीन और इमारतें शामिल हैं। कंपनी के प्रमोटर नवनीत सुरेका और अखिल सुरेका हैं। यह कुर्की मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत की गई है। यह मामला आम्रपाली ग्रुप के उस बड़े घोटाले से जुड़ा है जिसमें हजारों घर खरीदारों को धोखा दिया गया। आम्रपाली ग्रुप ने खरीदारों से अरबों रुपए इकट्ठे किए, लेकिन समय पर फ्लैट्स नहीं सौंपे। आरोप है कि ग्रुप के निदेशक अनिल कुमार शर्मा, शिव प्रिया और अजय कुमार ने आपराधिक साजिश रचकर खरीदारों के पैसे को गलत तरीके से दूसरी जगहों पर लगाया और हड़प लिया। इसमें फर्जी लेनदेन, जालसाजी और धोखाधड़ी शामिल थी। ईडी की जांच से पता चला कि आम्रपाली के निदेशकों ने मौर्या उद्योग लिमिटेड और जोतिंद्रा स्टील एंड ट्यूब्स लिमिटेड के निदेशक नवनीत सुरेका और अखिल सुरेका के साथ मिलकर निर्माण सामग्री और टीएमटी बार खरीदने के बहाने फर्जी लेनदेन किए। एजेंसी

## वेनेजुएला को लेकर विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली , विदेश मंत्रालय (एमईए) ने भारतीय नागरिकों को दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों और वहां तेजी से बदलती स्थिति को देखते हुए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय की तरफ से यह एडवाइजरी जारी की गई है।

विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि, यह एडवाइजरी जारी करने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है।

एडवाइजरी में कहा गया है, भारतीय नागरिकों को वेनेजुएला की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में पहले से मौजूद भारतीयों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिसमें उन्हें



सतर्क रहने, अपनी गतिविधियों को सीमित रखने और कराकस में भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। वेनेजुएला में हुए हालिया घटनाक्रमों के बाद बढ़े तनाव के बीच यह सलाह जारी की गई है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की थी कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला से निकालकर कैरेबियन में तैनात अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस इवो जिमा में ले जाया गया था।

ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को बताया, वे न्यूयॉर्क की ओर जा रहे होंगे, और कहा कि हेलीकॉप्टर उन्हें देश से बाहर ले गए।अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मादुरो सोमवार को मैनहट्टन की संघीय अदालत में पहली बार पेश हो सकते हैं। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने कहा कि मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों सहित कई आरोपों में पहले ही अभियोग लगाया जा चुका है। **(एजेंसी)**

## नोएडा प्राधिकरण का बड़ा फैसला : फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता होगा साफ, 8 सदस्यीय कमेटी गठित

नोएडा , नोएडा प्राधिकरण की 221वीं बोर्ड बैठक अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और प्राधिकरण चेयरमैन दीपक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में शहर के विकास, किसानों के मुद्दों और फ्लैट खरीदारों की समस्याओं को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम., यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने हिस्सा लिया। बोर्ड ने फ्लैटों की री-सेल और सब-लीज डीड में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए एक विशेष समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। बोर्ड बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैं-




1. नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवासीय समितियों के पक्ष में आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों पर निर्मित फ्लैटस में वर्तमान में काबिज / सम्बन्धित समिति से एन.ओ.सी. प्राप्त पक्ष में त्रिपक्षीय उप पट्टा प्रलेख पंजीकृत न होने के कारण आ रही समस्याओं के समाधान / निराकरण हेतु संबंधित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में 8 सदस्य समिति का गठन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

2. प्राधिकरण क्षेत्र में विभिन्न ड्रेनों के सुधार एवं शोधन हेतु प्राधिकरण स्तर से आवश्यक शोधन प्रणाली जो ड्रेनों के समीप स्थलीय उपलब्धता एवं पर्यावरण मानक को प्राप्त करने हेतु अनुकूल हो तथा वह प्रणाली तुलनात्मक दरों के आधार पर मित्तव्ययी हो एवं प्राधिकरण हित में हो, उसको प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय समाचार पत्रों में ई-निविदा के माध्यम से आमंत्रित कर इच्छुक राष्ट्रीय स्तर की पर्यावरण शोधन प्रणाली एस.टी.पी. पाँच वर्ष के संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

3. नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित आवासीय भूखण्ड योजना 2011-1 केवल नोएडा के कृषक श्रेणी हेतु यथा संशोधित 2016 के अन्तर्गत आवंटन वर्ष 2021 में किये गये 644 भूखण्डों के अतिरिक्त अवशेष भूखण्डों के आवंटन अवशेष आवेदकों के मध्य ड्रा के संबंध में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरणों के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्तर के अधिकारियों की समिति का गठन करते हुए कार्य करने का संचालक मण्डल द्वारा अनुमोदन किया गया। 4. सिटी लॉजिस्टिक प्लान हेतु एस.पी.ए. नई दिल्ली अथवा आई.आई.टी., रुडकी से प्रस्तुतिकरण कराते हुए सिटी लॉजिस्टिक प्लान तैयार करने के लिए सलाहकार संस्था का चयन करने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।**(एजेंसी)**

### कर्नाटक : लड़कियों पर हमले के आरोप में 7 नाबालिगों को हिरासत में लिया

हुबली , कर्नाटक के हुबली में रविवार को लड़कों के ग्रुप द्वारा दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामले सामने आए। पुलिस ने इन मामलों के सिलसिले में सात नाबालिगों को हिरासत में लिया है। ये मामले हुबली के शहर और अशोक नगर पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में रिपोर्ट किए गए हैं। पुलिस ने पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) के तहत मामले दर्ज किए हैं और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। शहर थाने की सीमा में एक मामले में एक नाबालिग लड़की के साथ तीन नाबालिगों ने यौन उत्पीड़न किया। इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया। अशोक नगर पुलिस स्टेशन इलाके में दो नाबालिगों ने एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न और हमला किया। पुलिस ने बताया है कि आरोप हैं कि लड़की के पिता पर भी आरोपियों ने हमला किया था। चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और फिलहाल उनसे इस मामले में पूछताछ की जा रही है। **(एजेंसी)**

## भारतीय तटरक्षक को मिलेगा अत्याधुनिक स्वदेशी पोत

नई दिल्ली। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं निर्मित भारतीय तटरक्षक बल के दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहले पोत 'समुद्र प्रताप' का जलावतरण (आज )सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए उन्नत प्रणालियों से लैस है, जिससे विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के भीतर और बाहर व्यापक प्रदूषण रोधी अभियान चलाने में मदद मिलेगी। दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम समुद्र प्रताप भारतीय तटरक्षक बल ने कहा, "यह उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन, चिपचिपे तेल से प्रदूषकों को पुनः प्राप्त करने एवं दूषित पदार्थों का विश्लेषण कर सकता है और दूषित पानी से तेल को



अलग करने में सक्षम है।" रक्षा मंत्री सोमवार को दक्षिण गोवा के वास्को स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में समुद्र प्रताप पोत का जलावतरण करेंगे। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।**(एजेंसी)**

## एक नजर

### महिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार व कैबिनेट मंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। धारचूला महिला कांग्रेस ने महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू के महिलाओं को लेकर दिए बयान पर आक्रोश जताया। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का पुतला फूंका और इस्तीफे की मांग उठाई। नगर के गांधी चौक में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नंदा बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। प्रदेश सरकार और कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के खिलाफ नारेबाजी व पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू ने बिहार की महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। मंत्री के पति साहू ने कहा कि बिहार की लड़कियां बीस से पच्चीस हजार में मिल जाती हैं, जो की महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बयान है। इस दौरान विनीता खुन्नू, प्रेमा कुटियाल, ललिता गर्ब्याल, देवकी गर्ब्याल, शांति सीपा, शीला ह्यांकि, सरीता, ओम प्रकाश वर्मा, भूपेंद्र थापा, विक्रम पारीख, जीतू वर्मा, सौरभ मतोलिया, अमर भट्ट, संजीव साहनी, बलवंत गुंज्याल, पंकज वर्मा, हिमांशु ह्यांकी, आदित्य धामी आदि रहे।

### भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रोहित

पिथौरागढ़। नगर के रोहित ओझा को भाजयुमो में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर रोहित को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर स्तर से लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी तक विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व व भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश मंत्री रह चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित ने जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़कर प्रदेश और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, विधायक बिशन सिंह चुफाल ,दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, पूर्व विधायक चंद्रा पन्त, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश पन्त, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र वल्दिया, ब्लॉक प्रमुख गुड्डू धामी, नगर निगम मेयर कल्पना देवलाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।

### स्मैक के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

रुद्रपुर। भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी और झनकईया पुलिस की संयुक्त टीम ने 9.20 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसएसबी 57वीं वाहिनी के कमांडेंट मनोहर लाल के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। सूचना के आधार पर सुंदरनगर क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी में उसके पास से 9.20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसने अपना नाम रोशन चंद पुत्र बहादुर चंद निवासी नेपाल बताया। वह नेपाल जाने की कोशिश में था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे झनकईया पुलिस को सौंप दिया गया। इस दौरान सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### 108 में गूंजी किलकारी, सुरक्षित प्रसव कराया

रुद्रपुर। कंचनपुरी क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता एक बार फिर जीवनरक्षक साबित हुई। रविवार सुबह प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला का एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला और नवजात दोनों सुरक्षित हैं। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि कंचनपुरी क्षेत्र की 27 वर्षीय रविया को रविवार सुबह अचानक प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया। सूचना मिलते ही ईएमटी अशोक और पायलट सूरज एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। इस पर ईएमटी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। सुबह करीब सात बजे महिला ने स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। इस दौरान अटेंडेंट मोहम्मद फैजल ने भी सहयोग किया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित हालत में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति सामान्य बताई। सीएमओ ने इसके लिए 108 सेवा के स्टाफ की सराहना की।

# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा व प्रदेश सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लगातार आंदोलन के बाद भी अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं होने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार व भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया। कहा कि प्रदेश में बेटियों के साथ किसी भी तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रविवार को कांग्रेस व ग्रामीणों ने चैलूसैण बाजार में आक्रोश रैली निकाली। भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकास नेगी व पूर्व ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने कहा कि सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। लेकिन, भाजपा के कार्यकाल में बेटियां सुरक्षित नहीं है। कुछ दिन पूर्व एक महिला ने इंटरनेट मीडिया पर मामले से जुड़े वीआईपी का नाम उजागर किया। बावजूद सरकार वीआईपी को बचाने का प्रयास कर रही है। कहा कि यदि प्रदेश सरकार सच में बेटियों का हित चाहती है तो मामले की सीबीआई जांच से क्यों घबरा रही है। यदि मामले की सीबीआई जांच होती है तो इसमें भाजपा के कई नेताओं के नाम सामने आएंगे। कहा कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलता कांग्रेस व ग्रामीण एकजुट होकर संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, सुखदेव सिंह राणा, संजय तोमर, हुकुम सिंह उनियाल, शरत सिंह नेगी, जगदीश सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, प्रमोद चौधरी आदि मौजूद रहे।



चैलूसैंण में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते ग्रामीण व कांग्रेसी

### शांतिपुरी पूर्व सैनिक संगठन के कोरंगा अध्यक्ष बने

रुद्रपुर। सैनिक सभागार शांतिपुरी में रविवार को आयोजित पूर्व सैनिकों के नववर्ष मिलन समारोह के दौरान पूर्व सैनिक संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा (सेनि) को अध्यक्ष और कैप्टन प्रकाश चंद्र जोशी (सेनि) को सचिव निर्वाचित किया गया। वहीं सूबेदार कुंवर सिंह कोरंगा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के तीन पूर्व अध्यक्ष कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा (सेनि), कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला (सेनि) एवं सूबेदार मेजर देवीदत्त उपाध्याय (सेनि) को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कोरंगा ने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ–साथ पूर्व सैनिकों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने सांसद अजय भट्ट द्वारा शांतिपुरी में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।

# कमलेश्वर महादेव मंदिर में 25 जनवरी को होगा घृत कमल अनुष्ठान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः कमलेश्वर महादेव मंदिर में 25 जनवरी को घृत कमल अनुष्ठान होगा। पौराणिक काल में देवताओं की ओर से शुरू की गई इस परंपरा को अब मंदिर के महंत, जनता और श्रद्धालुओं के सहयोग से घृत कमल अनुष्ठान के रूप में हर वर्ष पूरा किया जाता है।

मंदिर के महंत 108 आशुतोष पुरी ने बताया कि घृत कमल पूजन का अनुष्ठान सायंकाल से शुरू होगा। आदि काल में इस महापूजा का मूल उद्देश्य भगवान शिव को वैराग्य से गृहस्थ जीवन की ओर उन्मुख करना है। पूजन में तीन सांगपांग पूजा होती है। प्रत्येक पूजा में छह आवरण होते हैं। इस प्रकार कुल अठारह आवरणों से यह पूजा संपन्न की जाती है। शिवलिंग को घी से पूरी तरह ढका जाएगा और विशेष शृंगार किया जाएगा।

इस दौरान भगवान को लगभग 128 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया जाएगा।अनुष्ठान का सबसे कठिन और श्रद्धापूर्ण हिस्सा लोट परिक्रमा है। पूजा संपन्न होने के बाद महंत दिगंबर अवस्था (मात्र लंगोटी धारण कर) में मंदिर प्रांगण की लोट परिक्रमा करते हैं। यह कठिन तप जगत कल्याण, विश्व शांति और आसुरी शक्तियों (प्रतीकात्मक रूप से तारकासुर) के नाश के लिए किया जाता है। इस दौरान श्रीनगर और दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भारी संख्या में श्रद्धालु महंत को साक्षी मानकर इस पुण्य कार्य में सहयोग देते हैं।

# ऋषिकेश इलेवन ने दिल्ली को हराया



कोटद्वार स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय लेती विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः प्रतिवर्ष स्व.शशिधर भट्ट की स्मृति में होने वाले गढ़वाल फुटबॉल कप का रविवार से शुभारंभ हो गया है। इस दौरान पहले मैच में ऋषिकेश इलेवन ने दिल्ली को 1-0 से हराया।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित फुटबॉल कप का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से उनका परिचय लेते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि खेल में हारजीत कोई मायने नहीं रखती है। लेकिन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना बहुत बड़ी बात है। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृति प्रस्तुतियां भी दी। गढ़वाली व कुमाऊंनी गीतों पर दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गढ़वाल फुटबाल कप प्रतियोगिता का पहला मैच ऋषिकेश इलेवन व दिल्ली के मध्य खेला गया। संघर्षपूर्ण मैच में ऋषिकेश इलेवन ने दिल्ली को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मौके पर स्व. शशिधर की धर्मपत्नी माया भट्ट, सुमन कोटनाला, गिरिराज सिंह रावत, कमल नेगी, गोपाल जसोला, अतुल भट्ट, पंकज भट्ट, सुनील रावत मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 115 लोगों ने करवाई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः दर्पण वैलफेयर सोसाइटी एवं भारत हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 115 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया।

रविवार को बालासौड़ स्थित एक बारात घर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के शिविर से लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है। आमजन को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही समय–समय पर स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। शिविर में भारत हार्ट इंस्टिट्यूट एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डा. चेतन शर्मा और उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। कहा कि वर्तमान में स्वस्थ शरीर के लिए खान-पान के साथ ही दिनचर्या पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। कहा कि ठंड के मौसम में हार्ट अटैक जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इस मौसम में सतर्क रहने की आश्यकता है। मार्केटिंग मैनेजर सुनील कुकरेती ने बताया कि शिविर में लोगों की निश्शुल्क ईसीजी, ब्लड प्रेशन सहित अन्य जांच करवाई गई। इस मौके पर दर्पण वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष त्रिलोक जुयाल, किरण जुयाल, ज्योति नैनवाल, मनमोहन कुकरेती, अमन कुकरेती आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक

# ओटीटी प्लेटफार्म विडियोज अलार्म पर रिलीज होगी बिरणी आंखी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाली फिल्म बिरणी आंखी 16 जनवरी को ओटीटी प्लेटफार्म विडियोज अलार्म पर रिलीज होगी। पहले चरण में फिल्म का पोस्टर व गाना लॉच किया गया। फिल्म में गढ़वाल की सुंदर वादियों को दिखाया गया है। जिसके माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है।

कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, राज्यमंत्री ऋषि कंडवाल, जिला सूचना अधिकारी योगेश पोखरियाल, जिला पंचायत सदस्य अरूण शाह, कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने फिल्म के पोस्ट व गाने को रिलीज किया। वक्ताओं ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमें अपने बोली व संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए। कलर्ड चेकर्स कंपनी के डायरेक्टर वैभव गोयल ने कहा कि वीडियोज अलार्म उत्तराखंड का पहला ओटीटी प्लेटफार्म है। जिसमें केवल उत्तराखंड की फिल्म व गाने की प्रसारित किए जाते हैं। इसके माध्यम से लोगो घर बैठे ही अपनी बोली व भाषा पर आधारित फिल्में देख पाएंगे। बताया कि उत्तराखंड के कई लोग विदेशों में रहने हैं जो अपनी फिल्मों को काफी पसंद करते हैं। इससे उन्हें मोबाइल पर ही फिल्म देखने का मौका मिलेगा। बताया कि फिल्म 16 जनवरी को प्लेटफार्म पर रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता दीपक देव सागर और निर्देशक फैसल सैफी हैं। इस मौके पर गायक विवेक नौटियाल, गणेश कुकसाल, सूरज कोटनाला, शिवानी भट्ट, अंशुल भारद्वाज, सूरज सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सुषमा जखमोला ने किया।



कोटद्वार में बिरणी आंखी फिल्म का पोस्टर रिलीज करते अतिथि व उत्तराखंड के लोक कलाकार

### नए व उपयोगी प्रशिक्षण कोर्स करें प्रस्तावित

पिथौरागढ़। डीएम आशीष भटगांई ने स्थानीय बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए नए व उपयोगी प्रशिक्षण कोर्स प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को नौकरी व स्वरोजगार से जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था करने के भी आदेश दिए। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक हुई। डीएम आशीष ने कहा कि कौशल विकास आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं का डाटा तैयार करने और विभिन्न विभागों, निजी संस्थानों व उद्योगों से समन्वय स्थापित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने को कहा। स्वयं सहायता समूहों व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए युवाओं का मार्गदर्शन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मनजीत सिंह,मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी,डीडीओ रमा गोस्वामी,कैंपस निदेशक डॉ.हेम चंद्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लमगड़ा पुलिस ने गांव–गांव पहुंचकर दी सुरक्षा और कानून की जानकारी

अल्मोड़ा। जनपद में सुरक्षित और जागरूक नागरिक तैयार करने की दिशा में लमगड़ा पुलिस का जागरूकता अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर जिले के ग्रामीण, शहरी और शैक्षणिक क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा हरबन्स सिंह और क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में थाना लमगड़ा के थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में बीट पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया।

रविवार को बीट पुलिसकर्मी जलना गांव, ग्राम सभा भंगा देवली और तडैनी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की पुलिस से संबंधित समस्याएं सुनीं और समाधान को लेकर जानकारी दी। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित कानून, यातायात नियमों के पालन, डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े भ्रम, साइबर अपराध से बचाव के उपायों और नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही सत्यापन प्रक्रिया और आपात स्थिति में डायल 112 तथा साइबर अपराध से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# दो मांगों पर सहमति के बाद 23 माह से चल रहा धरना समाप्त

रुद्रपुर। गोठा लौका के ग्रामीणों का तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 23 माह से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रशासन से वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया है। रविवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने ग्रामीणों की दो मांगों पर सहमति जता दी है। ग्रामीणों ने काबिज भूमि पर भूमिधरी अधिकार देने, उप जिला चिकित्सालय की स्थापना और पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग को लेकर 18 जनवरी 2024 से नगरपालिका परिसर के पास दिन–रात अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। इस दौरान कई बार तिरंगा चौक और मुख्य चौक पर भी प्रदर्शन किया गया। शनिवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी ने पुलिस अधिकारियों व खुफिया विभाग के अफसरों के साथ प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और उनकी मांगों को गंभीरता से सुना। दिनभर प्रशासन के साथ बैठकें चलीं। बैठक में तहसीलदार ने ग्राम लौका गोठा में सप्ताह में दो दिन स्वास्थ्य विभाग व डॉक्टरों की टीम भेजकर ग्रामीणों का उपचार कराने और नियमित पुलिसिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन समाप्त करने पर सहमति जताई।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

अल्मोड़ा। कोतवाली सोमेश्वर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 96 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोमेश्वर मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में अपर उप निरीक्षक रमेश कुमार पुलिस टीम के साथ भेंटाझबर्शिला मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 96 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# भाजपा ने फूंका कांग्रेस का पुतला, अपमानित करने का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले पर बेवजह राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। कहा कि कांग्रेस जनहितों के बजाय दिव्यंगत अंकिता भंडारी मामले में राजनीति कर रही है। जबकि, प्रदेश सरकार ने बेटी को न्याय दिलवाने के लिए गंभीरता से कार्य किया। यही कारण है कि आज न्यायालय से तीन आरोपितयों को उम्र कैद की सजा भी मिल चुकी है।

रविवार को महिलाएं झंडाचौक में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन किया। कहा कि कांग्रेस दिव्यांगत बेटी के नाम पर निम्न राजनीति कर रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में सरकार साफ कह चुकी है कि यदि किसी के पास भी कोई सबूत है तो वह सरकार के समक्ष उसे प्रस्तुत करें। मामले में एसआईटी की जांच के बाद न्यायालय से तीन आरोपितों को उम्र कैद की सजा भी मिल चुकी है। हकीकत तो यह है कि प्रदेश में लगातार हो रहे विकास कार्यों से कांग्रेस बौखला चुकी है। वह पूरी तरह मुद्दा विहीन हो चुकी है। कहा कि जनता कांग्रेस को इसका जवाब देगी। बेटी का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगा।

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनीता आर्य, जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, सुनीता देवी, प्रेमा खंतवाल, नीरु बाला खंतवाल, सुरेंद्र आर्य, शशि बाला केष्टवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के झंडाचौक में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

# विस अध्यक्ष आवास कूच को पहुंचे कांग्रेसी, पुलिस ने रोका

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेकर रविवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोश रैली के रूप में विधानसभा अध्यक्ष के आवास की ओर बढ़ रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका। जिसके बाद कांग्रेसियों ने सड़क पर ही पुतला दहन किया।

रविवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने दुर्गापुरी चौराहे में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी आक्रोश रैली के रूप में विधानसभा अध्यक्ष के आवास की ओर बढ़ने लगे। मौके पर तैनात पुलिस ने कांग्रेसियों को रोका। जिसके बाद कांग्रेसियों ने सड़क पर सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि प्रदेश की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का अपमान कर रही है। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े वीआईपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेसियों ने काबीना मंत्री रेखा आर्य के पति की ओर से दिए गए विवादित बयान पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि प्रदेश सरकार में मंत्री रेखा आर्य के पति भी महिलाओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे है। महिलाओं के सम्मान को लेकर सरकार लापरवाह बनी हुई है। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने रेखा आर्य से मंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर सुधा असवाल, गीता नेगी, रंजना रावत, गीता सिंह, आशा कंडारी, साबर सिंह नेगी, प्रवीन रावत, सुनील दत्त सेमवाल, हेमचंद पंवार, बलबीर सिंह रावत, कीरत सिंह, बृजपाल सिंह मौजूद रहे।



कोटद्वार में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस

### अलका की आंखों से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

रुद्रपुर। ओमेक्स निवासी अलका शर्मा पत्नी राजेश शर्मा के रविवार को देहावसान के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मिसाल पेश की। पुत्र रोहन शर्मा और पुत्री शिवानी शर्मा ने कठिन क्षणों में साहसिक निर्णय लेते हुए नेत्रदान की सहमति दी, जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लौटेगी। ब्रह्मलीन होने की सूचना पर राकेश दूनेजा के अनुरोध से नेत्रदान की प्रक्रिया शुरू की गई। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एसके मित्तल की उपस्थिति में सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एलएम उप्रेती के निर्देशन में आई टेक्नीशियन मनीष रावत ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# जिला कारागार अल्मोड़ा में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

अल्मोड़ा। जिला कारागार, अल्मोड़ा में निरुद्ध बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय के मार्गदर्शन और सचिव शचि शर्मा के आदेशानुसार आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा के प्रशिक्षक केशव दत्त सती द्वारा पुरुष बंदियों को दस दिवसीय प्लंबर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं महिला बंदियों को अधिकार मित्र नीता नेगी द्वारा पंद्रह दिवसीय पीरूल यानी चीड़ की पत्ती से टोकरी और पेन स्टैंड बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इससे पूर्व भी कारागार में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। पिछले माह हिमालयन उन्नति मिशन के सहयोग से पुरुष बंदियों को व्यक्तित्व विकास और योग का दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था, जो प्रशिक्षक भावेश पांडे और उनके साथियों द्वारा संचालित किया गया।

वहीं महिला बंदियों को अधिकार मित्र नीमा बिनवाल और भावना तिवारी द्वारा पंद्रह दिवसीय सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया था।

# मुख्यमंत्री ने किया शब्दोत्सव' कार्यक्रम के पंचम सत्र 'धर्मरक्षक धामी' में प्रतिभाग



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में आयोजित 'शब्दोत्सव' कार्यक्रम के पंचम सत्र 'धर्मरक्षक धामी' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड की मूल सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और विधिसम्मत शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध कब्जा करने वाले समूहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 10,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि 01 जुलाई, 2026 के बाद केवल वही मदरसे संचालित हो सकेंगे जो राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करेंगे। शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अब तक 250 से अधिक ऐसे मदरसों को बंद किया जा चुका है, जो नियमों और मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार की कट्टरवादी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा और शिक्षा के मंदिर स्थापित किए जाएंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय केवल मतदाता सूची तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे राज्य की विभिन्न योजनाओं की पारदर्शिता और वित्तीय प्रबंधन भी जुड़ा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अनुमानित व्यय से कहीं अधिक खर्च सामने आया, जिससे सत्यापन की आवश्यकता और अधिक स्पष्ट हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पहले ही राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है और इसका उद्देश्य किसी विशेष वर्ग को लक्षित करना नहीं, बल्कि प्रणाली को दुरुस्त करना है। 'धर्मरक्षक धामी' विषय पर अपने विचार रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सभी कार्य पूरी तरह विधिसम्मत हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 600 अवैध ढांचों को हटाया गया है, जिनमें किसी प्रकार के वैध अवशेष नहीं पाए गए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के प्रयासों को सख्ती से रोका गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के देवत्व और मूल स्वरूप की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता और व्यक्तिगत संकल्प है। आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संगठन और सरकार निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून तथा मदरसा बोर्ड को समाप्त कर नया अधिनियम लागू किए जाने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की दो लाख से अधिक विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखण्ड ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य 'अचीवर्स' श्रेणी में रहा है। भारत सरकार के स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में उत्तराखण्ड को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। सिंगल विंडो सिस्टम को भी टॉप अचीवर्स श्रेणी में सम्मानित किया गया है। पर्यटन क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन और बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2024 में जाखोल, हर्षिल, गुंजी और सूपी गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया। मानसखण्ड कॉरिडोर और कालनेमि से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारखण्ड और मानसखण्ड दोनों क्षेत्रों में तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड, बदरीनाथ मास्टर प्लान, 'भव्य केदार, दिव्य केदार' परियोजना, हेमकुण्ड साहिब एवं केदारनाथ रोपवे जैसी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण और

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयं सेवियों ने स्वच्छता के लिए लोगों को किया जागरूक

नई टिहरी। अजय भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चमियाला और राजकीय इंटर कॉलेज ठेला के एनएसएस शिविर में स्वयं सेवियों ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चमियाला के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय बगियाल ने बताया स्वयं सेवियों ने श्रीकोट के ग्रामीणों को गांव के रास्ते, पेयजल स्रोत और घरों के आसपास स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने कहा कि विद्या भारती से संबद्ध स्कूल छात्रों को संस्कारवान शिक्षा देने, चरित्र और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य पिचपन सिंह मिश्रवाण ने भारतीय संस्कृति, मनोज शाह, भास्कर नेगी ने स्वयं सेवियों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा आदि की जानकारी दी। वन क्षेत्राधिकारी भगवती जोशी ने जंगलों को आग से बचाने, जंगली, जानवरों से सुरक्षा के बारे में बताया। इस मौके पर प्रधान दिनेश रावत, प्रधानाचार्य कैलाश भट्ट, केदार बिष्ट, प्रियंका रावत आदि म००००००००००००००००००००००० ०००००००००००००००००ौजूद थे। इधर भिलंगना ब्लॉक के जीआईसी ठेला का भगवाड़ा गांव में संचालित एनएसएस शिविर में पहुंचे भिलंगना ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी ने स्वयं सेवियों से जनहित की जानकारी देने को कहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान ललित बडोनी, रजनी बनियाल, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी को बचाने का आरोप

नई टिहरी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट और जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में सरकार पर वीआईपी को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले में भी वीआईपी का जिक्रहै जबकि भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ और उनकी महिला मित्र उर्मिला सनावर की ऑडियो क्लिप में साफतौर पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संगठन महामंत्री का नाम आया है। ऐसे में इस प्रकरण की सुप्रीम या हाईकोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में सीबीआई जांच की जानी चाहिए।

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भट्ट और जिलाध्यक्ष खंडवाल ने कहा कि अपर सेशन कोर्ट के फैसले में पेज नंबर 72 के पैरा 67 में स्पष्ट है कि अंकिता भंडारी को वीआईपी को एक्स्ट्रा सर्विस देने का दबाव बनाया गया था जिसका जिक्रअंकिता और उनके जम्मू-कश्मीर के मित्र की व्हाट्सएप चैट में भी है। ऐसे में यह प्रकरण अत्यंत गंभीर है। वहीं राठौड़ और उर्मिला सनावर की ऑडियो क्लिप में खुलासा किया गया है। जिससे इस मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए।

आरोप लगाया कि एसआईटी ने गहन जांच नहीं की। आखिर विधायक और भाजपा नेत्री ने क्यों जांच से पहले ही रेस्टोरेंट के घटना वाले कमरे को ध्वस्त कराया।

### अंकिता हत्याकांड की हो सीबीआई जांच, कांग्रेसियों ने दिया धरना

उत्तरकाशी। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ उग्र नारेबाजी कर रोष जताया। कहा कि प्रकरण में वीआईपी का नाम उजागर होने के बावजूद सरकार चुप बैठी है। कांग्रेसियों ने कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच की जाए। रविवार को कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत के नेतृत्व में हनुमान चौक पर एकत्रित हुए। वहां पर उन्होंने एक दिवसीय धरना दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को हुए काफी समय समय बीत चुका लेकिन आज भी सरकार की ओर से सच्चाई पर पर्दा डाला जा रहा है।

### गैंडी वध रहा आकर्षण का केंद्र

उत्तरकाशी। क्षेत्र और गांव की खुशहाली के लिए भटवाड़ी गांव में पांच दिवसीय पांडव नृत्य का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने देव डोलियों और पांडव पश्वों से गांव की खुशहाली की कामना की। अंतिम दिन गैंडी वध ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भटवाड़ी गांव में बीते पांच दिनों से पांडव नृत्य का आयोजन किया जा रहा था। पहले दिन ग्रामीण गांव की थात पर एकत्रित हुए। रविवार को अंतिम गांव के आराध्य समेश्वर देवता की अगुवाई में ग्रामीण और पांडव पश्वा ने भाष्करेश्वर प्रयाग में गंगा स्नान किया। मालगुजार सुबोध रतूड़ी ने बताया कि भटवाड़ी गांव में हर वर्ष की भांति इस बार भी पांच दिवसीय पांडव नृत्य का आयोजन किया गया। इस मौके पर मालगुजार सुबोध रतूड़ी, प्रधान विवेक नौटियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य

## अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर द्वाराहाट में कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा का पुतला दहन



अल्मोड़ा। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर रविवार को द्वाराहाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र में जुलूस निकालते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चौराहे पर भाजपा का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व द्वाराहाट विधायक मदन सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में राज्य की भाजपा सरकार ने न्याय दिलाने के बजाय आरोपियों को बचाने का प्रयास किया है। मदन सिंह बिष्ट ने कहा कि जब एक निदोष बेटी के साथ इतनी गंभीर घटना होती है और सरकार की जवाबदेही तय नहीं होती, तो यह प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप बैठने वाली नहीं है और सड़क से लेकर सदन तक यह लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। उनका कहना था कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सरकार से अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।

### जीपे हैक कर बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 2.20 लाख

देहरादून। साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति का गूगल पे अकाउंट हैक कर उनके बैंक खाते से करीब 2 लाख 20 हजार रुपये उड़ा लिए। नई बस्ती, चुक्खूवाला निवासी दिनेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है, जो उनके गूगल पे से लिंक है। पीड़ित के अनुसार बीते 13 दिसंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका जी-पे हैक कर लिया। जब उन्होंने अपना ऐप चेक किया तो बार-बार संदेश आ रहा था कि तीन बार से ज्यादा गलत पिन डालने के कारण उनका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया है। दिनेश ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 की सुबह उन्होंने अपने बैंक मैनेजर को फोन पर समस्या बताई। मैनेजर ने उन्हें बैंक आकर लिखित आवेदन देने को कहा ताकि जी-पे अनलॉक किया जा सके। उस समय तक उनके खाते में धनराशि सुरक्षित थी।

## सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण हों, व्यवसायीकरण पर लगे रोक

अल्मोड़ा। जन स्वास्थ्य संघर्ष मोर्चा की ओर से 'जन स्वास्थ्य पर जनसंवाद' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ होनी चाहिए।

साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते व्यवसायीकरण और व्यापारीकरण को जनविरोधी करार देते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की गई। यह संगोष्ठी अल्मोड़ा स्थित राजकीय संग्रहालय में स्वर्गीय मंजू तिवारी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय मंजू तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि मंजू तिवारी की मृत्यु किसी प्राकृतिक कारण से नहीं हुई थी, बल्कि यह त्रुटिपूर्ण चिकित्सा उपचार का परिणाम थी, जिसने वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर किया।

संगोष्ठी में कहा गया कि उत्तराखंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं लगातार कमजोर की जा रही हैं, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों को इलाज के लिए मैदानी क्षेत्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है। आयुष्मान भारत योजना की आड़ में निजी अस्पतालों द्वारा रोगियों के आर्थिक शोषण की प्रवृत्ति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जन स्वास्थ्य संघर्ष मोर्चा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर जन स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित करने के लिए अपने आंदोलन को और व्यापक करेगा। कार्यक्रम का संचालन विनोद तिवारी ने किया।

संगोष्ठी को संगोष्ठी के संयोजक और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पी.सी. तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह रावत, यूकेडी जिला अध्यक्ष दिनेश जोशी, आनंदी वर्मा, यूकेडी नेता शिवराज सिंह बनोला, विनय किरोला, भूपेंद्र बल्दिया, डॉक्टर रेनू, ममता, जगदीश चंद्र पांडे और गणेश चंद्र पांडे सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में एडवोकेट जीवन चंद्र, मोहम्मद वसीम, शाकिब, पान सिंह, भावना पांडेय, आशा और धीरेंद्र मोहन पंत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं जवानों का सम्मान करते हुए उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र सेवा भावना की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने पिछले छह दशकों से आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद, नक्सलवाद तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अदम्य साहस और समर्पण के साथ कार्य करते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि एस.एस.बी. के जवान जहां एक ओर राष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं, वहीं खेल, सामाजिक सरोकारों और आपदा राहत कार्यों में भी उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज भारत रक्षा सामग्री निर्यात करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के स्वदेशी हथियारों की शक्ति को विश्व ने देखा और सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार नए निर्णय ले रही है। शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है, वहीं वीरता पदक से अलंकृत जवानों को मिलने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है।

### असफलताओं से सफलता का मार्ग होता है प्रशस्त : एसपी

चमोली। पीजी कॉलेज गोपेश्वर के बीएड विभाग में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने कहा कि शिक्षक सिर्फ ज्ञान ही प्रदान नहीं करता बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होता है। असफलताओं से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। बीएड के प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशी छात्रों का प्रवेशोत्सव मनाया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि एसपी सुरजीत पंवार ने छात्रों से कहा कि वे भविष्य में जिस भी विद्यालय या समाज का हिस्सा बनेंगे उनके विचार, आचरण और मूल्य ही आने वाली पीढ़ी का निर्माण करेंगे। असफलता से हार नहीं माननी चाहिए। असफलताएं सफलता की ओर जाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार जयसवाल ने कहा कि प्राचीन भारतीय शैक्षिक मूल्यों और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के समन्वय से एक सशक्त मूल्य आधारित और प्रभावी शिक्षा व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। इससे पहले सुंदरकांड पाठ भी किया गया। इस दौरान सुबोध प्रेम विद्या मंदिर गोपेश्वर के संस्थापक डॉ. राकेश गैरोला आदि मौजूद रहे।

## पेयजल योजना का निर्माण किया जाए

नई टिहरी। नागरिक मंच ने बैठक कर मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर गहरा शोक जताया। बैठक में जिला मुख्यालय नई टिहरी और आसपास क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध करने की मांग प्रमुखता से छाई रही। मंच के सदस्यों ने नई टिहरी के लिए प्रस्तावित रीह-घुत्तु ग्रेविटी पेयजल योजना का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करने की मांग दोहराई। सामुदायिक मिलन केंद्र बौराड़ी में नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

मंच के संरक्षक सीपी डबराल, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, कर्म सिंह तोपवाल ने नई टिहरी में निवासरत परिवारों का सेक्टर के हिसाब से भूमि का अलग खाता बनाने की मांग उठाई। मंच ने पुनर्वास विभाग की ओर से नगर क्षेत्र में पार्क के अविकसित भूमि आवंटन किए जाने का विरोध जताया। मंच के सचिव जगजीत सिंह नेगी, डॉ यूएस रावत, महावीर प्रसाद भट्ट ने नई टिहरी व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए केंद्रीय विद्यालय का नया भवन बनने के बाद पुराने केंद्रीय विद्यालय की भूमि पर ऑडिटोरिम, आंबेडकर पार्क के समीप पौधशाला की भूमि पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मेरु गांव की तर्ज पर पहाड़ी खान-पान, कुटीर उद्योग आदि विकसित करने की मांग की। उन्होंने नगर क्षेत्र में लीकेज सीवर लाइन और चेंबरों को शीघ्र ठीक करने के साथ शहर की आंतरिक सड़कों की मरम्मत करने की मांग भी की। कहा कि उपरोक्त मांगों का पत्र जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। बैठक में उमेश सिंह रावत, उमेश रावत, हुकम सिंह कुट्टी उम्मेद रावत, गुरुदत्त डोभाल, भगवान सिंह पंवार, इकबाल सिंह राजपाल, विश्वकर्मी, जनवर सिंह राणा, श्रीपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

## सीवर लाइन बिछाने के चलते 35 दिनों तक बदला रहेगा यातायात

नई टिहरी। नगर क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सीवर लाइन बिछाने का कार्य सोमवार से शुरू होने जा रहा है। सीवर योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्ग पर 1370 मीटर लंबी सीवर लाइन डाली जानी है। इस कार्य में लगभग 35 दिनों का समय लगना संभावित है। एसडीएम की ओर से कार्यदायी संस्था को कार्य पूरा करने के लिए प्रथम चरण में 5 से 24 जनवरी तक कार्य की अनुमति दी गई है।सीवर लाइन बिछाने के दौरान मुख्य मार्ग पर खोदाई होने के कारण यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि टिहरी से देहरादून, हरिद्वार जाने वाले वाहन गुजाराडा रोडझ्रकुशरेला बैरियर होते हुए या आनंद बाईपास से देहरादून, हरिद्वार की ओर जाएगे। वहीं ऋषिकेश से चंबा, टिहरी व उत्तरकाशी जाने वाले वाहन प्लास्डा बाईपास के रास्ते अपने गंतव्यों को रवाना होगे। कार्य के दौरान नरेंद्रनगर बाजार में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों को कार्यस्थल से पहले किसी सुरक्षित और खुली जगह पर पार्क करें। निर्माण क्षेत्र के आसपास या संकरी गलियों में वाहन खड़े न करें। ताकि एंबुलेंस व अन्य आवश्यक सेवाओं को आवागमन में कोई बाधा न हो।

खोदाई वाले स्थानों और बैरिकेड्स के पास बच्चों को न जाने दें। रात के समय वाहन चलाते हुए विशेष सावधानी बरतने की भी अपील की गई।

### उत्तराखंड में रेडियो ग्राफिक टेक्निशियन संघ के अध्यक्ष बने भंडारी

देहरादून। प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत रेडियो ग्राफिक टेक्निशियनों ने अपने हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर नए संगठन का गठन किया है। शनिवार रात को हल्द्वानी के एक निजी होटल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा रेडियो ग्राफिक टेक्निशियन संघ का गठन किया गया, जिसमें दून मेडिकल कॉलेज में आरएसओ महेंद्र सिंह भंडारी को अध्यक्ष एवं इसी संस्थान के सीनियर रेडियोग्राफर संदीप राणा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों से जुटे टेक्निशियनों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें महेंद्र सिंह भंडारी को अध्यक्ष और संदीप राणा को महामंत्री चुना गया।

## रुद्रनाथ महोत्सव में निकलेंगी झाकियां, पांडवाज बिखरेंगे सुरों का जादू

रुद्रप्रयाग। नगर मुख्यालय के गुलाबराय मैदान में होने वाले रुद्रनाथ महोत्सव व शीतकालीन उत्सव सांस्कृतिक मेले का रंगारंग आगाज सात जनवरी से होगा। 7 से 13 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में पहले दिन भव्य झांकी कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूहों की महिला टीमें, 6 ग्रेनेडियर बटालियन आर्मी, पूर्व सैनिक संगठन रुद्रप्रयाग तथा संस्कृत महाविद्यालय के छात्र झांकियां निकालेंगे वहीं पांडवाज ग्रुप अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। मेले के संरक्षक मंडल में जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कौंडे व मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत सह संरक्षक होंगे। वहीं उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को मेला अधिकारी बनाया गया है। मेले के कार्यक्रम के तहत सात जनवरी को मेले का उद्घाटन विधायक भरत सिंह चौधरी करेंगे। दोपहर में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं। शाम को जागर सम्राट पद्मश्री प्रीतम भरतवाण की गीत संध्या होगी। आठ को क्विज, पोखरियाल कला मंच और डाइट रुद्रप्रयाग की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नौ जनवरी को ओपन मैराथन, महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता, जागर प्रस्तुति, जीतू बगड़वाल पर आधारित नाटक होगा। शाम को लोक कलाकार इंद्र आर्य और दर्शन फर्स्वाण देंगे प्रस्तुति। 10 को ममंद की प्रतियोगिताएं, कलश संस्था की ओर से कवि सम्मेलन। शाम को लोक कलाकार रुहान भारद्वाज और करिश्मा शाह देंगे प्रस्तुतियां। 11 जनवरी को कीर्तन मंडली प्रतियोगिता, गढ़वाली परिधान रैंप वॉक, केदार कला मंच द्वारा द्रौपदी की लाज नाटक का मंचन।

## अंकिता भंडारी प्रकरण के राजनीतिकरण का भाजपा ने किया विरोध, कांग्रेस का पुतला फूंका



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से चौघानपाटा में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस द्वारा की जा रही राजनीति की कड़ी निंदा की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण व जनभावनाओं के खिलाफ बताया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम पालीवाल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड एक अत्यंत संवेदनशील और दुखद मामला रहा है, जिसे प्रदेश की जनता भली-भांति समझती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने बिना किसी दबाव के त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया, मजबूत और प्रमाणिक साक्ष्य एकत्र किए तथा उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीयत और कार्रवाई दोनों न्याय के पक्ष में थीं। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस जैसे गंभीर मामले पर भी ओछी राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों के जरिए उत्तराखंड का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि यदि कोई नया, प्रमाणिक और तथ्यात्मक साक्ष्य सामने आता है, तो हर स्तर की जांच के लिए सरकार तैयार है। उन्होंने कांग्रेस से जनता को गुमराह करने की राजनीति बंद करने और सड़कों पर भ्रम फैलाने के बजाय न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का आग्रह किया। पुतला दहन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख हवालबाग हिमानी कुंडू, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, नगर निगम मेयर अजय वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल, जिला मंत्री सुनील बिष्ट, सौरभ वर्मा, कमला तिवारी, कविता वर्मा, पूनम वर्मा, प्रीति रस्तोगी, देवेंद्र भट्ट, जगमोहन बिष्ट, राजीव गुरुरानी, नीरज सांगा, शुभम रौतेला, भारत भूषण कुंडू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्र से पूर्व मंदिर के अधूरे कार्य किए जाएंगे पूरे

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत के बालमा के कोटी गांव में मां ज्वालामुखी मंदिर के अधूरे कार्यों को पूरा करने और चैत्र नवरात्र पर अष्टमी आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय सिंह नेगी और जिला पंचायत सदस्य दर्शनी रावत के नेतृत्व में रविवार को मां ज्वालामुखी मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में दोनों सदस्यों ने मंदिर के अधूरे कार्यों के साथ क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यो को पूरा करने का ग्रामीणों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि बागी जिला पंचायत वार्ड के अंतर्गत 66 गांव आते हैं। विकास कार्य उनकी प्राथमिकता में है। गांवों के पेयजल स्रोत की मरम्मत के साथ गांव के ऐसे स्थानों पर सौर ऊर्जा लाइट लगाई जाए जहां रात को अधिक अंधेरा रहता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय ने ग्रामीणों से संपर्क मार्गों की साफ-सफाई रखने और अपनी पैत्रिक भूमि को बाहरी लोगों को न बेचने की अपील की। मंदिर समिति सदस्य विनोद नेगी, भगवान सिंह नेगी ने बताया कि बैठक के बाद ग्रामीणों की सहमति से चैत्र नवरात्र पर नव निर्मित मां ज्वालामुखी मंदिर में अष्टमी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर साब सिंह नेगी, पूर्ण सिंह नेगी, मनमोहन नेगी, नत्थी सिंह नेगी, महावीर नेगी, राजवीर नेगी, प्रीतम नेगी,परवीन नेगी, महिपाल नेगी, गोपाल वीर नेगी, जगजीत नेगी, जयेंद्र रावत,शूरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

### मारपीट करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

चमोली। जंगल के विवाद और बेड़ी तल्ली की महिलाओं से मारपीट करने की शिकायत लेकर बेड़ी मल्ली गांव के ग्रामीण शनिवार रात को ही बड़ी संख्या में आदिबदरी पुलिस चौकी पहुंचे। ग्रामीणों ने तीन पेज की लिखित तहरीर चौकी प्रभारी को दी और महिलाओं से मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। तहसील के बेड़ी मल्ली और बेड़ी तल्ली के ग्रामीणों में जंगल का विवाद चल रहा है। बेड़ी मल्ली के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में बैठक करके इस विवाद को सुलझाया गया था लेकिन बैठक के तुरंत बाद बेड़ी तल्ली की महिलाओं ने उनके पूरे जंगल के पेड़ काट डाले। साथ ही बेड़ी मल्ली की महिलाओं के साथ मारपीट भी की। शनिवार रात को बेड़ी मल्ली की महिलाओं और पुरुषों ने आदिबदरी पुलिस चौकी पहुंचकर मारपीट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। वहीं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने कहा कि भूमि विवाद का मसला राजस्व विभाग ही सुलझा सकता है जबकि मारपीट की शिकायत को लेकर जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बलवंत सिंह, जयबीर सिंह, देवेश्वरी देवी, उमा देवी, गोदांबरी, नीलम, राखी और पुष्पा आदि मौजूद थी।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338